षोडश बिहार विधान सभा

प्रथम सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-01 | सोमवार, दिनांक- 30 नवम्बर, 2015 ई० ।

अस्थायी अध्यक्ष, श्री सदानन्द सिंह की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.07 बजे पूर्वा० तक

[1] महामहिम राज्यपाल से प्राप्त संदेशों का पढ़ा जाना :-

सभा सचिव ने महामहिम राज्यपाल से प्राप्त निम्नांकित संदेशों को पढ़कर सुनाया :-

(i) "भारत के संविधान के अनुच्छेद 180 के खण्ड (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैं, रामनाथ कोविन्द, बिहार का राज्यपाल, बिहार विधान सभा के सदस्य श्री सदानंद सिंह को दिनांक 30.11.2015 से 02.12.2015 तक के लिए, जब तक अध्यक्ष का निर्वाचन नहीं हो जाता है, अध्यक्ष पद के कर्त्तव्यों का पालन करने के निमित्त नियुक्त करता हूँ ।

पटना | ह०/- रामनाथ कोविन्द
दिनांक-22 नवम्बर, 2015 | राज्यपाल, बिहार ।"

(ii) "भारत के संविधान के अनुच्छेद 188 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं, रामनाथ कोविन्द, बिहार का राज्यपाल, इसके द्वारा बिहार विधान सभा के सदस्य, श्री सदानंद सिंह को, वह व्यक्ति नियुक्त करता हूँ, जिनके समक्ष, बिहार विधान सभा के प्रत्येक सदस्य, ऐसे सदस्यों को छोड़कर, जिन्होंने मेरे समक्ष शपथ या प्रतिज्ञान कर लिया हो, बिहार विधान सभा में अपनी जगह लेने के पहले दिनांक 30.11.2015 से 01.12.2015 तक शपथ लेंगे या प्रतिज्ञान करेंगे ।

पटना | ह०/- रामनाथ कोविन्द
दिनांक-22 नवम्बर, 2015 | राज्यपाल, बिहार ।"

(iii) "भारत के संविधान के अनुच्छेद 188 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं, रामनाथ कोविन्द, बिहार का राज्यपाल, इसके द्वारा अध्यक्ष, बिहार विधान सभा को वह व्यक्ति नियुक्त करता हूँ, जिनके समक्ष विधान सभा के ऐसे सदस्य, जिन्होंने शपथ या प्रतिज्ञान नहीं किया हो, अध्यक्ष के निर्वाचन के बाद शपथ लेंगे या प्रतिज्ञान करेंगे ।

पटना | ह०/- रामनाथ कोविन्द
दिनांक-22 नवम्बर, 2015 | राज्यपाल, बिहार ।"

[2] <u>अस्थायी अध्यक्ष का स्वागत घोषणा</u> :-

यथा संलग्न ।

[3] <u>घोषणा</u> :-

आसन से निम्न घोषणा की गयी :-

''माननीय सदस्यगण, क्षेत्र संख्या-31, हरलाखी से निर्वाचित माननीय सदस्य श्री बसन्त कुमार का असामयिक निधन हो जाने के कारण पूर्व से निर्धारित सदस्यों द्वारा शपथ या प्रतिज्ञान ग्रहण संबंधी कार्यक्रम आज नहीं होंगे ।

[4] <u>शोक प्रकाश</u> :-

मा० अस्थायी अध्यक्ष महोदय द्वारा बसन्त कुमार, स०वि०स० के असामयिक निधन पर शोक प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की चिरशांति एवं शोकाकुल परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की ।

तदुपरांत सभी मा० सदस्यों ने एक मिनट मौन खड़े होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की ।

माननीय अस्थायी अध्यक्ष महोदय ने निदेश दिया कि शोक संवेदना शोकाकुल परिवार के पास भेज दिए जाएँ ।

तदुपरांत सभा की बैठक मंगलवार, दिनांक-01.12.2015 के 10.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-30.11.2015

राजीव कुमार
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।